दैनिक
न्याय साक्षी

# खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जवाहर नवोदय विद्यालय : कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए 30 नवम्बर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, जिला-रायगढ़ में सत्र 2022-23 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 30 अप्रैल 2022 को रायगढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2021 निर्धारित की गई है। आवेदक को जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय में 2021-22 में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। उक्त परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय के समिति वेबसाइट www.navodaya.gov.in में नियत तिथि तक आवेदन जमा कर सकते है।

### लैलूंगा कांड, त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग

**महासमुंद (आरएनएस)।** सरायपाली व्यापारी संघ और अग्रवाल समाज के सदस्यों ने गुरुवार रात हुई लैलूंगा डकैती कांड में मदन मित्तल और अंजू मित्तल की हत्या और लूट के मामले की कड़ी निंदा करते हुए अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा। उक्त मामले में जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी कर फांसी की सजा की कार्रवाई की मांग की गई है। उक्त हत्याकांड एवं डकैती की वजह से समाज में व्यापक रोष है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रवीण अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, भोजराज अग्रवाल एवं बजरंग अग्रवाल मौजूद थे।

### नागपुर से बिलासपुर जा रही ट्रेन की बोगी पलटी, बड़ा हादसा टला

**दुर्ग (आरएनएस)।** रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात बड़ा हादसा टल गया। दरअसल नागपुर से बिलासपुर जा रही एक ट्रेन की तीन बोगियां डिरेल हो गई और एक बोगी पलट गई। फिलहाल सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर रेलवे कर्मी बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। मिली जानकार के अनुसार पुलिंग पॉइंट के पास 7 नंबर डाउन ट्रैक पर आज नागपुर से बिलासपुर जा रही मालगाड़ी की तीन बोगी डीरेल हो गई और 1 बोगी पलट गई। फिलहाल बचाव कार्य जारी है।

### लंगूरों की हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, 8 अक्टूबर तक रिमांड पर

**कवर्धा (आरएनएस)।** कबीरधाम जिले के ग्राम कोठार में लंगूरों की हत्या के मामले में शामिल तीन ग्रामीणों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय ने 8 अक्टूबर तक रिमांड पर देकर जेल भेज दिया। लंगूरों को मारने में उपयोग किए गए सभी आवश्यक समान को जब्त लिया गया है। कवर्धा वन मंडल और जलवायु परिवर्तन विभाग की टीम ने यह कार्यवाही की। कबीरधाम जिले के वन मण्डलाधिकारी श्री दिलराज प्रभाकर ने बताया कि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा वन मंडल के जांच दल के द्वारा विश्वसनीय सूत्रों और मुखबिर के आधार पर कोठार ग्राम पंचायत के कोठार गांव जाकर लंगूरों की हुई हत्या बाबत जांच की गई। मौके पर एक मादा लंगूर मृतक और एक नर बच्चा लंगूर घायल अवस्था में वन अमला को प्राप्त हुए थे। तत्पश्चात गांव में खोजने पर मुखबिर की सूचना के आधार पर श्री सियाराम यादव के घर के पिछले हिस्से में खुदाई में एक लंगूर का शव बरामद किया गया था।

# पटवारियों से प्रतिवेदन लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरण-कलेक्टर सिंह

### » कलेक्टर सिंह ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि समय से प्रकरणों के निराकरण के लिए पटवारियों से समय पर प्रतिवेदन लिया जाना जरूरी है। इसके लिए सभी एसडीएम अपने अनुविभाग अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर जहां पटवारियों से प्रतिवेदन अपेक्षित है, उसे शीघ्र मंगवाये जिससे राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण होगा। जिसके द्वारा समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है, उन पर कार्यवाही करें।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में अभी तक जिले में किए गए गिरदावरी कार्य की जानकारी ली। उन्होंने फिल्ड लेवल पर आरआई पटवारी द्वारा किए गए गिरदावरी कार्य की ऑनलाईन एन्ट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने तहसीलवार आरआई एवं पटवारियों की संयुक्त बैठक लेकर प्राथमिकता से पोर्टल में एन्ट्री का काम करने की बात कही। साथ ही उन्होंने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों का फसलवार रकबे का पंजीयन भी साथ-साथ जारी रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के क्रियान्वयन की विकासखण्डवार समीक्षा की। उन्होंने पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त कर उसकी सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। नजूल भू-भाटक के तहत हुई वसूली की जानकारी ली तथा इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बताया कि शासन द्वारा कोविड-19 संक्रमण के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों-आश्रितों को 50 हजार रुपये अनुदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए परिजनों से आवेदन लिए जायेंगे। जिसमें आवेदक की जानकारी तथा मृत व्यक्ति की मृत्यु प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा। सभी अधिकारी इसके तहत आवेदनों को प्राप्त कर उच्च कार्यालय प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर भीम सिंह ने राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर सिंह ने ई-नामांतरण, ई-कोर्ट आर्डर शीट, वन अधिकार पट्टा से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की। लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुये सभी प्रकरणों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में नजूल पट्टों का नवीनीकरण, बटवारा, व्यवस्थापन तथा फ्री होल्ड प्रकरणों की समीक्षा। कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देशित करते हुये कहा कि नजूल भूमि के संबंध में शासन की फ्री होल्ड और व्यवस्थापन योजना के साथ नजूल पट्टों के नवीनीकरण प्रकरणों में तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। फ्री होल्ड से संबंधित वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आरआई निर्देशित करने हेतु कहा गया। अनुविभागवार सीमांकन के कितने प्रकरण लंबित है सभी संबंधित एसडीएम को समीक्षा कर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण दो साल से अधिक समय से लंबित न हो।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में नजूल के भू-भाटक वसूली, राजीव गांधी आश्रय योजना पट्टा वितरण, डायवर्जन प्रकरणों तथा डायवर्जन भू-भाटक वसूली की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पट्टा वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। ई-कोर्ट में प्रकरणों से संबंधित अद्यतन जानकारी नियमित रूप से अपडेट करने निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने आरबीसी 6-4 के अंतर्गत जनहानि, फसल क्षति व मकान क्षति के मुआवजा का वितरण निश्चित समय-सीमा के अंतर्गत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई प्रकरण लंबित है तो उस पर तत्काल मुआवजा प्रदान करें।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, सहायक कलेक्टर प्रतीक जैन, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुकबधिर लडकी से रेप के मामलें में छात्रावास अधिक्षक निलंबित

### » आरोपी केयर टेकर और चौकीदार भेजे गए जेल

**जशपुर (आरएनएस)।** मूक बधिर लड़कियों के छात्रावास में नाबालिग बच्चियों से रेप और छेड़छाड़ के आरोपी केयर टेकर और चौकीदार को पुलिस ने जहां जेल भेज दिया वहीं घटना के दौरान हॉस्टल से गायब छात्रावास अधीक्षक को कलेक्टर महादेव कावरे ने निलंबित भी कर दिया है।

ज्ञात हो कि जशपुर के राजीव गांधी शिक्षा मिशन छात्रावास में 22 सितंबर की रात शराब के नशे में केयर टेकर और चौकीदार ने मूक-बधिरों बच्ची के साथ रेप किया था। इस दौरान छात्रावास अधीक्षक संजय राम भी हॉस्टल से गायब थे। अधीक्षक के गायब रहने से दोनों आरोपियों का हौसला बढ़ गया। आरोपियों ने 22 सितंबर की रात मुर्गा, दारु की पार्टी की। नशा जब सिर चढ़कर बोलने लगा तो दोनों में हैवानियत जाग गई। और बोल, सुन नहीं पाने वाली बच्चियों के कमरे की ओर चल दिए। दोनों ने हॉस्टल में इतना उत्पात मचाया कि लड़कियां दुबक कर किसी तरह जान बचाई। लेकिन, आधा दर्जन बच्चियां इनकी चपेट में आ गई। एक के साथ रेप किया गया बाकी पांच के साथ छेड़छाड़। बच्चियों की चीख-पुकार सुनकर महिला स्वीपर आई तो दोनों ने उसे बाथरुम में बंद कर फरार हो गए थे।

# निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने 30 सितम्बर तक चलेगा अभियान

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के निर्देशन एवं जिला स्वास्थ्य परिवार एवं कल्याण अधिकारी डॉ.एस.टोप्पो की उपस्थिति में कार्यालय के आरोग्यम् सभाकक्ष में सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिसमें राष्ट्रीय कार्यक्रम के समस्त नोडल अधिकारियों ने विकासखंड धरमजयगढ़, घरघोड़ा, लैलूंगा, तमनार, खरसिया एवं रायगढ़ अर्बन के सेक्टर इंचार्ज व सेक्टर सुपरवायजर की बैठक ली। बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रमों की बिन्दुवार चर्चा की गई।



सामुदायिक स्वा.केन्द्र व प्राथ.स्वास्थ्य केन्द्र में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया गया। प्रसव के पूर्व गर्भवती माता के खान-पान व स्वयं की साफ-सफाई के बारें में बताया गया। हाई रिस्क गर्भवती महिला को प्रसव के लिये चिन्हांकित कर जिनका हिमोग्लोबिन 7 ग्राम से कम हो ऐसे महिला को आयरन सूक्रोज लगाने के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को भेजने एवं 15 दिन पश्चात हिमोग्लोबिन जांच कर उसके रिकार्ड संधारण करने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने हितग्राही गर्भवती माता को आयुष्मान कार्ड बनाने के बारे में बताए। जो कि 30 सितंबर तक आयुष्मान भारत कार्ड अभियान के तौर पर सेंटरो में निःशुल्क बनाया जा रहा है। 50 सूचकांक की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों ने अपने कार्यक्रम की समीक्षा लेते हुए उनमें लक्ष्य के अनुरूप कार्य में उपलब्धि लाने के निर्देश दिए।

# रायगढ़ कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने हल्दी व धनिया की नई प्रजाति की विकसित

### » अखिल भारतीय मसाला अनुसंधान परियोजना की वार्षिक बैठक में हुआ प्रदर्शन



**रायगढ़।** अखिल भारतीय मसाला अनुसंधान परियोजना की वार्षिक बैठक कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ में आयोजित की गई। जिसमें रायगढ़ के वैज्ञानिकों के शोध से विकसित धनिया एवं हल्दी के नई प्रजातियों का राष्ट्रीय स्तर पर विमोचन हेतु पहचान किया गया। जिन्हें केन्द्रीय विमोचन समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के उपरांत दोनों प्रजातियों को बीज उत्पादन श्रृंखला में लाया जाएगा।

ज्ञात है कि धनिया की एक प्रविष्ठी जिसे प्रस्ताव में छत्तीसगढ़ राज्य धनिया-3 के नाम से सम्मिलित किया जाएगा। धनिया की यह प्रविष्ठी देश के 10 प्रदेशों के लिए विमोचित होगी। वहीं दूसरी तरफ हल्दी की जो एक प्रविष्ठी है उसे छत्तीसगढ़ राज्य हल्दी-3के नाम से सम्मिलित किया जाएगा यह प्रविष्ठी देश के 7 प्रदेशों के लिए विमोचित होगी तथा विमोचन के बाद इन प्रजातियों के बीज का विभिन्न वर्गो में उत्पादन भी किया जा सकेगा। इन प्रजातियों के प्रमुख प्रजनक वैज्ञानिक डॉ.श्रीकांत सांवरगावकर ने बताया कि धनिया एवं हल्दी की ये दोनों प्रजातियां किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं लाभदायक है। जो कि किसानों के बाजार के अनुरूप है। इनके उत्पादन से किसान ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त कर सकते है। इन प्रजातियों की उत्पादन ज्यादा एवं गुणवत्ता अच्छी है। इनक फसल अवधि प्रचलित प्रजातियों से थोड़ा कम है।

परियोजना के प्रमुख अन्वेषक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह ने बताया कि इन दोनों प्रजातियों से छत्तीसगढ़ के ही नहीं अपितु अन्य राज्यों के किसानों को भी इनका लाभ मिलेगा। इन प्रजातियों में रोगों एवं कीटों के प्रति प्रतिरोधकता अधिक है। इन प्रजातियों का उत्पादन लागत कम होने एवं उत्पादन अधिक होने से कृषकों को अधिक लाभ मिलेगा।

# हाथियों का दल लौटा धरमजयगढ़



**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के कुदमुरा रेंज के गांव में लगातार उत्पात मचाकर वन विभाग तथा ग्रामीणों के नाको में दम कर देने वाले 10 हाथियों का समूह शुक्रवार की रात मांडनदी पार कर धरमजयगढ़ चला गया।

धरमजयगढ़ क्षेत्र की ओर कूच करने से पहले हाथियों ने रास्ते में कई किसानों की फसल रौंद दी। इससे पहले हाथियों का दल कल लबेद सर्किल के एलोंग के जंगल में मौजूद था। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक रात होते ही हाथियों ने जंगल से निकालना शुरू किया और धीरे.धीरे आगे बढ़ नदी को पार करने के बाद पड़ोसी रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ के परिक्षेत्र में हाथियों ने यहां जाने से पहले रास्ते में बड़ी मात्रा में फसल रौंद दिया। आज सुबह वन विभाग का अमला हाथी पीड़ित गांवों में पहुंचा और रात में उत्पात के जरिये किये गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। हाथियों के धरमजयगढ़ जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों व वन अमले ने राहत की सांस ली है।

# प्रयास विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 4 अक्टूबर




**रायगढ़।** राज्य में संचालित प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 4 अक्टूबर 2021 है। इन स्कूलों में दाखिले के लिए कक्षा आठवीं उत्तीर्ण प्रतिभावान विद्यार्थी संबंधित जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में 4 अक्टूबर तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट www.tri-ble.cg.gov.in एवं जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। इन आवासीय विद्यालयों में दाखिला प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगा।

स्वर्गीय राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय संशोधित नियमावली-2020 अनुसार प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों के शालाओं से कक्षा 8वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा एवं इस स्तर पर राज्य/राष्ट्रीय स्तर की होने वाली (इंजीनियरिंग, मेडिकल, सी.ए.सी.एस एवं क्लैट इत्यादि) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है।

वर्तमान में प्रदेश में 9 आवासीय विद्यालय-रायपुर के सड्डू में बालक-200 सीट, गुढ़ियारी रायपुर में कन्या-155 सीट, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और अम्बिकापुर में 125-125 सीटों में से बालकों के लिए 75 और बालिकाओं के लिए 50 सीटें हैं। इसी प्रकार कांकेर, कोरबा और जशपुर में 100-100 सीटों में से बालकों और बालिकाओं के लिए 50-50 सीटें हैं।

# महापौर ने किया वार्ड क्रमांक 9 में 9 लाख के नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन

### » भूमि पूजन दौरान महापौर ने महसूस किया स्वर्गीय कमल पटेल की मौजूदगी

### » दिवंगत कमल पटेल के इच्छानुरूप हुआ नाली निर्माण का शुभारंभ

**रायगढ़ (आरएनएस)।** वार्ड क्रमांक 9 में महापौर जानकी काट्जू निगम आयुक्त एस जयवर्धन ने दिवंगत पार्षद कमल पटेल के द्वारा की गई सड़क नाली की मांग को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र का निरीक्षण कर जल्द ही निर्माण कार्य आरम्भ होने अश्वासन दिया गया था और आज वार्ड के 3 अलग अलग स्थानों में नाली निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। कहते है शरीर नश्वर है किंतु आत्मा सदा जीवित होती है, उसी तारतम्य में उनके परिवारजन कहते है कि उनकी हर पल इच्छा वार्ड के विकास के लिये रहती थी,और आज जब पता चला कि उनके पूर्व के मांगो को ध्यान में रखकर वार्ड में कार्य कराया जा रहा है तो लगा की उनकी आत्मा भी वार्ड के विकास के लिये ही तत्पर होकर कार्य कर रही है।सच ही है स्वर्गीय कमल पटेल पार्षद के साथ एम आई सी में स्वास्थ्य प्रभारी भी रहे और शहर को स्वच्छ बनाने शासन और प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे।

पूर्व में दिवंगत पार्षद स्वर्गीय कमल पटेल द्वारा महापौर एवं आयुक्त को पत्र के माध्यम से अपने वार्ड क्रमांक 9 के लिये सड़क और नाली की मांग की गई थी जिसे ध्यान में रखते हुए उनकी इच्छा को पूर्ण करने के उद्देश्य से महापौर जानकी काट्जू ने कमिश्नर के साथ वार्ड में जाकर क्षेत्र का निरीक्षण किया था और प्रमुखता से सड़क और नाली के लिये स्टीमेट बनाने इंजीनियर को निर्देशित भी किया गया था उसी मांग के मद्देनजर आज वार्ड के 3 अलग अलग क्षेत्रो में नाली निर्माण हेतु महापौर जानकी काट्जू के करकमलों से विधिवत भूमि पूजन किया गया,जिसकी लागत 9 लाख की है।

निरीक्षण दौरान लोक निर्माण प्रभारी विकास ठेठवार,स्वास्थ्य प्रभारी संजय देवांगन, स्वर्गीय कमल पटेल के भतीजे नयन( दादू )पटेल एवं जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री शाखा यादव, रियाज खान,रविन्द्र पटेल, मंजू बरलक, माँगमती उरांव, गंगा उरांव, आशा नागवंशी, सावित्री उरांव, मानकी नागवंशी, राधाबाई नागवंशी, गणेशी नागवंशी, ईश्वरी, प्रेमबाई और वार्डवासी उपस्थित रहे।

महापौर जानकी काट्जू ने कहा कि स्व कमल पटेल जी का शहर विकास और स्वच्छ्ता हेतु जो योगदान है भुलाया नहीं जा सकता।आज भूमि पूजन के वक्त मुझे लगा कि वे मेरे आस पास ही बैठे है,मेरे एम आई सी मेम्बर में स्वच्छता को लेकर सबसे अधिक सक्रिय कमल पटेल रहते थे,हमेशा उनका सहयोग और साथ मिला, उन्होंने निधन के पूर्व पत्र देते हुए हमसे अपने वार्ड में सड़क और नाली की आवश्यकता बताई थी जो उस वक्त नही हो पाया था,उनकी इच्छानुसार निर्माण कार्य करने क्षेत्र का दौरा कर स्टीमेट बनाने निर्देश दिया गया था एक तरह से उनके अधूरे कार्य को पूरा करने का मौका मिला जो उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।आज वह शुभ दिन भी आया कि उनके इच्छानुरूप नाली निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480